BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI ROAD,LUDHIANA
Class-VI
HINDI (2025-26)
Assignment-1(answer key)

**1)अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए I**

**यदि हम प्रयत्न करेंगे तो निश्चय ही अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे,किंतु प्रायःदेखा जाता है कि अधिक आशावादी लोग थोड़ा-सा प्रयत्न करके अधिक फल की कामना करने लगते हैं और मनोवांछित फल प्राप्त न होने पर निराश हो जाते हैं। अतः जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए परिस्थितियों के समक्ष घुटने ना टेकें बल्कि हिम्मत से मुकाबला करें। याद रखें, जितना कठोर हमारा परिश्रम होगा ,उसका फल भी उतना ही मीठा होगा।**

**i)लक्ष्य की प्राप्ति के लिए क्या आवश्यक है?**

**क) निरंतर प्रयास      ख)धन      ग) ज्ञान      घ) अवसर**

**ii)मनोवांछित -शब्द का क्या अर्थ है?**

**क) फल      ख) मनचाहा      ग) परिणाम      घ) अभिजीत**

**iii)अधिक फल की कामना कौन करता है?**

**क) कठोर व्यक्ति      ख) अधिक आशावादी लोग      ग) निराशावादी लोग      घ) इनमें से कोई नहीं**

**iv)व्यक्ति निराश कब होता है?**

**क) फल प्राप्ति पर      ख) मनोवांछित फल नहीं पाने पर      ग) थक जाने पर      घ) खुशी मिलने पर**

**v)फल-से यहाँ क्या तात्पर्य है?**

**क) परिणाम      ख) खाने का फल      ग) तलवार      घ) तेज़ चीज**

**2)त्रिवेणी शब्द से आप क्या समझते हैं?**

**त्रिवेणी ! अर्थात तीन नदियों का समूह भारत में तीन नदियों गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में होता है। यहाँ तीनों नदियाँ एक होकर बहने लगती हैं।**

**3)महात्मा बुद्‌ध ने लोगों को क्या संदेश दिया?**

**महात्मा बुद्‌ध ने लोगों को दया, प्रेम, परोपकार का संदेश दिया। विश्व में व्याप्त अज्ञानता को उन्होंने ज्ञान रूपी दीये की लौ से आलोकित करना चाहा।**

**4)एक खिलाड़ी ने गुस्से में आकर ध्यानचंद के सिर में हॉकी स्टिक क्यों मार दी?**

**उसने सोचा कि यदि वह ध्यानचंद को घायल कर देगा, तो वह मैदान से बाहर चला जाएगा, खेल नहीं पाएगा और उनकी टीम जीत जाएगी।**

5)वर्षा ऋतु में बादल कैसे दिखाई पड़ते हैं?

वर्षा ऋतु में जल रूपी बादल ऐसे प्रतीत होते हैं, जैसे सागर बिजलियों के सुनहरे पंख लगाकर आसमान में उड़ रहा हो।

6) शब्दार्थ और वाक्य

साधना-अभ्यास

सिंधु-नदी

नगाड़े-बजाने वाला यंत्र

7)संज्ञा छाँटकर कर भेद लिखिए।

राम के गाने में मिठास थी।- भाववाचक संज्ञा

किसान खेती मे काम करता है।- जातिवाचक संज्ञा

8) उचित सर्वनाम भरिए।

__तुम___ क्या पढ़ रहे हो?

__मुझे____ बहुत भूख लगी है।

9) निम्न उपसर्ग लगाकर शब्द बनाइए।

अनु-अनुसार,अनुपम

सु-सुप्रभात,सुपुत्र

ला- लापरवाह,लाचार

10) निम्न प्रत्यय लगाकर शब्द बनाइए।

आई-पढ़ाई,लिखाई

आहट-चिल्लाहट,घबराहट

कर-चलकर,गाकर